दिन– गुरुवार | दिनांक– 10 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्र ने राज्य सरकारों को एक लाख अठहत्तर हजार करोड़ रूपये से अधिक का कर हस्तांतरण जारी किया। बिहार को मिली सत्रह हजार नौ सौ इक्कीस करोड़ रूपये की राशि।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज तीन लाख इक्कीस हजार से अधिक बाढ़ पीड़ित परिवारों के बैंक खाते में प्रति परिवार सात हजार रूपये की राशि हस्तांतरित की।

03. जाने–माने उद्योगपति रतन टाटा का आज मुम्बई के वर्ली श्मशान घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी हुये शामिल।

04. और, पूरे प्रदेश में माँ दुर्गा की भक्ति और उत्साह चरम पर। देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की हो रही है आराधना।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने आज राज्य सरकारों को एक लाख अठहत्तर हजार करोड़ रूपये से अधिक का कर हस्तांतरण जारी किया है। जबकि सामान्य मासिक कर हस्तांतरण नवासी हजार छियासी दशमलव पांच करोड़ रूपये है। इसमें इसी वर्ष अक्टूबर माह में देय नियमित किस्त के अलावा एक अग्रिम किस्त भी शामिल है। बिहार को सत्रह हजार नौ सौ इक्कीस करोड़ रूपये की राशि दी गयी हैं। यह हस्तांतरण त्यौहारों के मौसम को ध्यान में रखते हुए और राज्यों को पूंजीगत व्यय में तेजी लाने और अपने विकास तथा कल्याण संबंधी व्यय का वित्त पोषण करने में सक्षम बनाने के लिए किया गया है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाढ़ राहत वितरण के दूसरे चरण के तहत आज तीन लाख इक्कीस हजार से अधिक बाढ़ प्रभावित परिवारों के बैंक खातों में प्रति परिवार सात हजार रूपये की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से हस्तांतरित की। इस चरण में दो सौ पच्चीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि का अंतरण की गयी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधारी और आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सुमन भी मौजूद थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत राशि वितरण के प्रथम चरण में चार अक्टूबर को बाढ़ प्रभावित

चार लाख अड़तीस हजार पांच सौ उनतीस परिवारों के बैंक खातों में लगभग तीन सौ सात करोड़ रुपये अंतरित किये थे।

———————————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्योग जगत से अपना स्तर और आकार बढ़ाने का आग्रह किया है। नई दिल्ली में आज पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि देश के उद्योगों को बड़े सपने देखने होंगे और उन्हें वैश्विक बनाना होगा। उन्होंने कहा कि इस सपने को साकार करने के लिए चैंबर्स और उद्योगों को एक साथ आने की जरूरत है।

———बाईट———

मित्रों हमारे सामने प्रधानमंत्री जी ने दो लक्ष्य दिए 2047 जब देश की आजादी की शताब्दी मनाई जाएगी भारत पूर्ण विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया के सामने खड़ा होगा।

———————————————————————————

जाने—माने उद्योगपति और समाजसेवी रतन टाटा का आज शाम मुम्बई के वर्ली श्मशान घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मुंबई पुलिस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित उद्योग जगत के जानी मानी हस्तियां मौजूद थी। इससे पूर्व मुम्बई के राष्ट्रीय प्रदर्शन कला केन्द्र में बड़ी संख्या में लोगों ने रतन टाटा के अंतिम दर्शन किये।

———————————————————————————

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर टेली मानस ऐप और वीडियो कॉल सुविधा का शुभारंभ किया। इस दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन—डब्ल्यूएचओ टेली मानस मूल्यांकन रिपोर्ट और कर्मचारियों के लिए एक स्व—देखभाल मॉड्यूल भी लॉन्च किया गया। इस वर्ष का विषय— कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य है, जो मानसिक स्वास्थ्य और कार्यस्थल के बीच संबंध पर प्रकाश डालता है।

———————————————————————————

शारदीय नवरात्र के आज आठवें दिन देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा—अर्चना की जा रही है।

———म्युजिक———

मान्यता है कि देवी के महागौरी स्वरूप की आराधना से भक्तों को सुख—सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी सभी मनाकोमनाएं पूर्ण होती हैं। माँ का यह स्वरूप अभय, रूप और सौंदर्य प्रदान करने वाला है। राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में दुर्गा

पूजा की धूम है। पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि सभी शक्तिपीठों और मंदिरों में महा अष्टमी की पूजा–अर्चना पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ की जा रही है। आकर्षक और भव्य पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा सहित अन्य देवी–देवताओं की प्रतिमा के दर्शन और पूजा–अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। इधर, राजधानी पटना में प्रसिद्ध शक्ति पीठ पटन देवी में अष्टमी पूजा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पटना के डाकबंगला चौराहा, बंगाली अखाड़ा, कदमकुआं, बेली रोड और राजा बाजार सहित अनेक स्थानों पूजा पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज महा अष्टमी के अवसर पर पटना सिटी स्थित पटन देवी मंदिर तथा अगमकुंआ स्थित माँ शीतला देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में जा कर माँ दुर्गा की आराधना की और सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

–––म्युजिक–––

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

दुर्गा पूजा के मद्देनजर पूरे प्रदेश में सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गयी है। सभी जिलों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती के साथ संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कर्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। विभिन्न जिला मुख्यालयों में पुलिस बलों के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। रेलवे स्टेशनों पर भी चौकसी बढ़ा दी गयी है। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए फायर बिग्रेड और स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट पर रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक स्वास्थ केंद्र से लेकर मेडिकल कॉलेजों को भी अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। दुर्गा पूजा और दशहरा उत्सव के मद्देनजर राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। रावण दहन कार्यक्रम को देखते हुए पटना के गांधी मैदान में ग्यारह और बारह अक्टूबर को आम लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने प्रदेश में प्राथमिक, कृषि, साख सहयोग समिति, पैक्स के चुनाव के लिए संभावित तिथि जारी कर दी है। प्राधिकार की ओर से इस संबंध में दिये गयी जानकारी के अनुसार चुनाव पांच चरणों में होंगे। छब्बीस नवम्बर को पहले चरण का मतदान होगा, जबकि अंतिम मतदान तीन दिसम्बर को होगा। पच्चीस अक्टूबर की पैक्स की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। इसके बाद चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। गृह विभाग और पुलिस महानिदेशक को पैकस

चुनाव के संबंध में तैयारी करने के निर्देश दिये गये हैं। चुनाव तैयारियों के संबंध में सोलह अक्टूबर को बैठक आयोजित होगी।

———————————————————————————

भारतीय प्रबंधन संस्थान, आईआईएम बोधगया ने अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए योजना और विकास विभाग बिहार सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते के तहत योजना और विकास विभाग के अधिकारियों को प्रबंधन, नेतृत्व और कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा।

———————————————————————————

प्रदेश के बाढग्रस्त क्षेत्रों के प्रारंभिक विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा में शामिल नहीं हो पाने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित की जाएगी। पहली से आठवीं तक की विशेष परीक्षा इक्कीस से अट्ठाईस अक्टूबर तक आयोजित होगी।

———————————————————————————

रेलवे ने पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस–प्रयागराज खंड पर पैच दोहरी करण कार्य के चलते कई रेलगाड़ियों के परिचालन में बदलाव किया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रयागराज–रामबाग– मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस चौदह और सोलह अक्टूबर को रद्द रहेंगी। वहीं, दस से सत्रह अक्टूबर तक सीतामढ़ी–आनंद बिहार टर्मिनल्स एक्सप्रेस का प्रयागराज–रामबाग स्टेशन पर दिया गया अस्थाई ठहराव समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा अलग–अलग तिथियों के लिए छह अन्य ट्रेनों के अस्थाई ठहराव भी समाप्त किये गये हैं। दूसरी तरफ, सोलह अक्टूबर से पाटलिपुत्र–सहरसा के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलायी जाएगी। इसका परिचालन पच्चीस दिसम्बर तक होगा।

———————————————————————————

पटना–गया रेल खंड पर इस्लामपुर–हटिया एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की साजिश की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गयी है। दानापुर रेल मंडल के वरीय सुरक्षा आयुक्त प्रकाश पंडा ने बताया कि मामले में लोगों की संलिप्त लोगों का पता लगाया जा रहाहै। उन्होंने कहा कि लोको पायलट की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के रीगा प्रखंड के खरसान निवासी सेना के जवान शहीद अजीत सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव खरसान में किया गया। वे सिलीगुड़ी में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में बीतों दिनों शहीद हो गये थे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शहीद के अंतिम दर्शन किये।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रही उस खबर का खंडन किया है, जिसमें सरकार द्वारा सभी नागरिकों को उन्नीस हजार रुपये दिये जाने का दावा किया जा रहा है। पत्र सूचना कार्यलाय की फैक्ट चेक इकाई ने कहा है कि यह दावा पूरी तरह फर्जी है। सरकार की ओर से इस तरह की कोई योजना नहीं चलायी जा रही है।

——————————————————————————

राज्य से मॉनसून की वापसी शुरू हो गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के एक या दो स्थानों मे हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी है। समस्तीपुर के शिवजीनगर में सबसे अधिक छत्तीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी भाग के एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की सभावना है।

———बाईट———

——————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के एक सौ सैंतीस नये मामलों की पुष्टि हुई है। राजधानी पटना से पैंसठ नये मामले मिले हैं।

——————————————————————————

कटिहार जिले के सेमापुर थाना क्षेत्र के सुखासन गांव में शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई पुलिस दल पर शराब माफियाओं में हमला कर दिया। इस हमले में एक पुलिस अधिकारी समेत दो पुलिस कर्मी घायल हो गये।

——————————————————————————

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी पटना की ओर से बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए राहत सामग्रियों से भरे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

——————————————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र में मोटरसाईकिल चोरों के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियान के दौरान चोरी की तीन मोटरसाईकिल के साथ अभ्युक्त को गिरफ्तार किया गया है।

——————————————————————————

मुंगेर जिले के बरियापुर थाना क्षेत्र के एकाशी टोला में गंगा नदी में स्नान के दौरान डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गयी।

——————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. केंद्र ने राज्य सरकारों को एक लाख अठहत्तर हजार करोड़ रूपये से अधिक का कर हस्तांतरण जारी किया। बिहार को मिली सत्रह हजार नौ सौ इक्कीस करोड़ रूपये की राशि।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज तीन लाख इक्कीस हजार से अधिक बाढ़ पीड़ित परिवारों के बैंक खाते में प्रति परिवार सात हजार रूपये की राशि हस्तांतरित की।

03. जाने–माने उद्योगपति रतन टाटा का आज मुम्बई के वर्ली श्मशान घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी हुये शामिल।

04. और, पूरे प्रदेश में माँ दुर्गा की भक्ति और उत्साह चरम पर। देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की हो रही है आराधना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।